Ans. (c) : राजस्थान के जिले 'टोंक' में स्थित 'रैढ़' को उसकी लौह युगीन सभ्यता तथा वहाँ हुऐ उत्खन्न में मिले लौह उपकरणों तथा मुद्राओं के कारण इसे प्राचीन भारत का टाटानगर कहा जाता है।

401. ' भारतीय प्राचीन लिपिमाला' के प्रसिद्ध लेखक है?

(a) गौरीशंकर रीराचन्द्र ओझा (b) रामकरण आसोपा
(c) मुनि जिन विजय (d) विश्वेश्वरनाथ रेऊ

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : भारतीय पुरालेख से सम्बंधित पुस्तक 'भारतीय प्राचीन लिपिमाला' के लेखक गौरीशंकर हीराचन्द्र ओझा है। राजस्थानी इतिहासकार गौरीशंकर ओझा को 1914 में रायबहादुर की उपधि तथा 1937 में साहित्य वाचस्पति के सम्मान से सम्मनित किया गया है।

402. किस शासक ने राजस्थान यूनियन बनाने के उद्देश्य से 25-26 जून, 1946 को सम्मेलन आमंत्रित किया था?

(a) सार्दूल सिंह (b) सवाई मान सिंह
(c) भूपाल सिंह (d) जवाहर सिंह

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (c) : राजस्थान के रियासतों को मिलाकर राजस्थान यूनियन बनाने को लेकर मेवाड़, रियासत के महाराणा भूपाल सिंह ने कई प्रयास किये। 25-26 जून, 1946 को राजस्थान के एकीकरण के लिए भूपाल सिंह ने एक सम्मेलन उदयपुर में बुलाया। बाद में 23 मई 1947 को भी इन्होंने सम्मेलन बुलाकर एकीकरण का प्रयास किया। इन्होंने के.एम. मुशी को अपना सलाहकर नियुक्त किया था।

403. किस पुरातात्विक स्थल को धरतुल घाट के नाम से भी जाना जाता है?

(a) सांभर (b) जोधपुरा
(c) नागर (d) आहड़

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (d) : आहड़ पुरातात्विक स्थल के अन्य नाम ताम्रवती नगरी, धरतुल घाट (धूलकोट) है। आहड़ संस्कृति राजस्थान के उदयपुर जिले में विकसित हुई थी। यह संस्कृति बनास नदी के तट पर विकसित हुई। वर्ष 1953 ई. में अक्षयकीर्ति व्यास तत्पश्चात् रतनचन्द्र अग्रवाल एवं एच.डी. सांकलियाँ के निर्देशन में उत्खनन कार्य सम्पन्न हुआ।

404. निम्नलिखित में से सत्य कथन है/है–

i. लूनी नदी के किनारे स्थित स्थल बागोर से पशुपालन के अवशेष प्राप्त हुए हैं।
ii. आहड़ स्थल का संबंध नवपाषाण काल से है।
iii. कालीबंगा में, दुर्ग तथा निचला नगर दोनों प्राचीर युक्त मिले हैं।

(a) केवल (iii) (b) केवल (ii)
(c) (i) और (iii) (d) (i) और (iii)

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : प्रसिद्ध प्रागैतिहासिक स्थल 'बागोर' राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में 'कोठारी' नदी के किनारे स्थित है जहाँ से पशुपालन के साक्ष्य मिले है। जबकि प्राचीन पुरातत्विक स्थल 'आहड़' बनास की सहायक नदी आहड़ के तट पर 'ताम्रकालीन' पुरास्थल है न कि नवपाषाण कालीन। प्रसिद्ध हड़प्पाकलीन स्थल 'कालीबगां' की खोज हनुमानगढ़ जिले में घग्घर नदी के किनारे की गयी थी जिसका दुर्ग एवं निचला नगर दोनों प्राचीर से घिरे हुऐ थे।

405. राजस्थान राज्य का वर्तमान स्वरूप जिस तिथि से है, वह है–

(a) 17 मार्च, 1948 (b) 15 मई, 1949
(c) 26 जनवरी, 1950 (d) 1 नवम्बर, 1956

उत्तर–(d) **RPSC RAS/RTS-1993**

व्याख्या–राजस्थान को वर्तमान स्वरूप देने की प्रक्रिया का प्रारंभ 17 मार्च, 1948 से तब हुआ जब अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली को मिलाकर 'मत्स्य संघ' बनाया गया। पुनः 25 मार्च, 1948 को बांसवाड़ा, बूंदी, डूंगरपुर, झालावाड़, किशनगढ़, कोटा, परतापगढ़, शाहपुरा और टोंक की रियासतों को मिलाकर एक अलग राज्य 'राजस्थान संघ' का निर्माण हुआ। 18 अप्रैल, 1948 को उदयपुर रियासत राजस्थान राज्य में शामिल हुई और 'संयुक्त राजस्थान' का नाम रखा गया। बीकानेर, जयपुर, जोधपुर और जैसलमेर रियासतों के (30 मार्च, 1949 को) शामिल हो जाने से राज्य का नाम 'वृहत्तर राजस्थान संयुक्त राज्य' हो गया। 25 अप्रैल, 1949 को पूर्वगठित 'मत्स्य संघ' को भी **संयुक्त राजस्थान राज्य** में सम्मिलित कर लिया गया। सिरोही राज्य को इसमें 25 जनवरी, 1950 को शामिल किया गया। अंत में 1 नवम्बर, 1956 को अजमेर, आबू तहसील और सुनेल टप्पा के मिल जाने से वर्तमान राजस्थान का स्वरूप विधिवत् रूप से अस्तित्व में आया।

406. बीकानेर का प्राचीन नाम क्या था?

(a) जांगल (b) शिवि
(c) माध्यमिका (d) मरु

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (a) : बीकानेर का प्राचीन नाम जांगलदेश था। बीकानेर में सर्वप्रथम 'महाराजा' की उपाधि धारण करने वाला शासक कर्णी सिंह था। कर्णी सिंह ने 'जांगलधर बादशाह' की उपाधि धारण किया था।

407. 'चित्तौड़ ' का प्राचीन नाम थाः

(a) शिवि (b) मरु
(c) चित्रकूट (d) जांगल

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (c) : 'चित्तौड़' का प्राचीन नाम 'चित्रकूट' था। चितौड़ की स्थापना चित्रांगद मौर्य द्वारा ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में किया गया था। चित्तौड़ मेवाड़ रियासत की राजधानी थी।

408. जैसलमेर की स्थापना हुई थी-

(a) 10वीं शताब्दी में
(b) 11वीं शताब्दी में
(c) 12वीं शताब्दी में
(d) 13वीं शताब्दी में

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (c) जैसलमेर की स्थापना रावल जैसल ने 12वीं शताब्दी में की थी। इसने यहाँ 1156 ई.में एक मिट्टी के किले का निर्माण करवाया जिसका नाम जैसलमेर रखा।

409. निम्नलिखित में से कौन सा दुर्गगढ़ बीटली के नाम से भी जाना जाता है?

(a) बन्दी का तारागढ़ दुर्ग
(b) गागरौण दुर्ग
(c) मेहरानगढ़ दुर्ग जोधपुर
(d) अजमेर का तारागढ़ दुर्ग

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020